
# रायगढ़ का ऐतिहासिक जन्माष्टमी पर्व और झूला उत्सव आज से

- जन्माष्टमी पर्व को लेकर प्रशासन और पुलिस अधिकारियों ने ली श्याम मंडल व गौरीशंकर मंदिर समिति के सदस्यों की बैठक
- बैठक में प्रशासनिक, पुलिस, नगर निगम, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों भी रहे उपस्थिति
- अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल, मार्ग व्यवस्था का किया निरीक्षण : सुरक्षा व्यवस्था के किए गए हैं व्यापक इंतजाम



**रायगढ़।** रायगढ़ के ऐतिहासिक जन्माष्टमी पर्व में प्रदेश समेत सीमावर्ती उड़ीसा, झारखंड, बिहार, बंगाल से श्रद्धालुओं का जिले में आगमन होता है। जन्माष्टमी पर्व में सुरक्षा व्यवस्था, मार्ग व्यवस्था को लेकर प्रशासन, पुलिस समेत सभी विभाग अपनी-अपनी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही है, तैयारी को लेकर आज अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय महादेवा की अध्यक्षता में पुलिस कंट्रोल रूम में सीएसपी अभिनव उपाध्याय, एसडीम रायगढ़ गगन शर्मा, डीएसपी ट्रैफिक सुंशांतो बनर्जी, तहसीलदार रायगढ़ लोमश मिरी की उपस्थिति में श्याम मंडल, गौरी शंकर मंदिर समिति के सदस्यों एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों की मौजूदगी में तैयारी को लेकर बैठक लिया गया। बैठक में अधिकारियों ने श्याम मंडल, गौरी शंकर मंदिर ट्रस्ट समिति के सदस्यों से उनके सुक्षाव लिये जिनमें श्याम मंडल के प्रचार मंत्री महावीर अग्रवाल एवं सचिन बंसल ने समिति की ओर से इन प्रमुख सुक्षावों को अधिकारियों के संज्ञान में लाया गया जिसमें - श्याम मंडल पंडाल के समीप साफ सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, निरंतर बिजली सप्लाई, पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था, मच्छरों से बचाव के लिए पाउडर का छिड़काव, श्याम मंदिर के समीप हरियाणा धर्मशाला के बगल में नालों की साफ सफाई, बरसाती जल भराव के निकास की व्यवस्था, पार्किंग व्यवस्था आदि पर विस्तार से चर्चा कर व्यवस्था बेहतर बनाने पर अधिकारियों ने समिति को आश्वस्त किये। बैठक के बाद नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय, एसडीएम रायगढ़ गगन शर्मा के साथ नगर पालिक निगम, बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी, ट्रैफिक अमले के अधिकारियों ने श्याम मंडल, मार्केट एरिया का भ्रमण कर सभी तैयारियों का जायजा लिया गया। व्यापारियों को सामानों को सड़क में नहीं निकालने कहा गया है। नगर निगम द्वारा डेंगू से बचाव के लिये पाउडर का छिड़काव किया गया। मेले में किसी प्रकार की अव्यवस्था ना हो इसके लिये पुलिस के साथ वलिंटियर भी कार्य करेंगे। छेड़खानी, पाकिटमारी को लेकर सादी वर्दी में पुलिस के जवान रहेंगे साथ ही सीसीटीवी से कार्यक्रम स्थल की निगरानी रखी जावेगी। कंट्रोल रूम में आयोजित बैठक में डीएसबी प्रभारी उप निरीक्षक डिलेश्वर साहू, नगर पालिक निगम के एक्जीक्यूटिव इंजीनियर सूरज देवांगन, विद्युत विभाग एवं पीडब्लुडी विभाग के अधिकारीगण तथा श्याम मंडल के राजेश चिराग, सचिन बंसल, महावीर अग्रवाल, दीपक मित्तल, किशन केडिया और गौरीशंकर मंदिर ट्रस्ट के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहें।

## उत्सव को लेकर यातायात पुलिस ने जारी किया रूट प्लान



आने वाले दिनों में रायगढ़ के प्रसिद्धि प्राप्त जन्माष्टमी पर्व एवं झूला उत्सव के दौरान जिला मुख्यालय में सुगम यातायात व्यवस्था के लिए यातायात पुलिस रायगढ़ द्वारा शहर के कुछ प्रमुख मार्गो में डायवर्सन पॉइंट, पार्किंग स्थलों को चिन्हांकित किया गया है। साथ ही कुछ स्थानों को चार पहिया, दो पहिया और ऑटो पार्किंग के लिए प्रतिबंधित किया गया है। यातायात पुलिस द्वारा "रूट ले आउट" मीडिया के माध्यम से साझा कर उत्सव के दौरान 5 सितंबर से 9 सितंबर तक गणमान्य नागरिकों तथा श्रृद्धालुओं को वन वे का पालन करने, वाहनों की पार्किंग चिन्हित स्थानों पर किए जाने की अपील किया जा रहा है।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### 283 स्वास्थ्य कर्मी को किया गया बर्खास्त

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.मधुलिका सिंह ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य फेडरेशन के आह्वान पर 5 सूत्रीय मांग के समर्थन पर 21 अगस्त 2023 से अनिचितकालीन आंदोलन में गये 11 चिकित्सक एवं 333 स्वास्थ्य कर्मी को एस्मा लागू का उल्लेख करते हुए व्यक्तिगत तौर पर विभागीय स्तर पर नोटिस देकर 28 अगस्त 2023 तक कार्य पर उपस्थित होने हेतु निर्देश दिये गये थे। तत्पश्चात् भी चिकित्सक एवं कर्मचारी कार्य में उपस्थित न होने पर कलेक्टर के अनुमोदन उपरांत कार्यालयीन आदेश के द्वारा 283 ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरूष एवं महिला को सेवा से बर्खास्त किया गया है एवं 50 पुरूष पर्यवेक्षक एवं महिला पर्यवेक्षक/एल.एच.व्ही.के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने हेतु संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवायें, संभाग बिलासपुर की ओर प्रेषित किया गया है एवं 11 चिकित्सकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग रायपुर की ओर पत्र प्रेषित की गई है।

### जिले में 861.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 4 सितम्बर तक 861.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 45.6 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 844.8 मिली मीटर, पुसौर में 963.5, खरसिया में 612.1, घरघोड़ा में 787.5, तमनार में 854.4, लैलूंगा में 868, मुकडेगा में 933, धरमजयगढ़ में 972.5, छाल में 750.5 एवं कापू में 1026 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### जिला स्तरीय छत्तीसगढ़िया ओलंपिक का आयोजन आज

**रायगढ़।** जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक का आयोजन 5 सितम्बर को प्रात: 9.30 बजे से रायगढ़ स्टेडियम बोईरदादर, रायगढ़ में होगा। जिला स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में विकासखण्ड, कलस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले सभी आयु वर्ग के लगभग 2300 खिलाड़ी/ऑफिसियलस भाग लेंगे। जिला स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी संभाग स्तरीय संभाग स्तरीय छत्तीसगढिय़ा ओलंपिक में शामिल होंगे।

### आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए 20 सितम्बर तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ (ग्रामीण) रायगढ़ अंतर्गत संचालित आंगनबाड़ी केन्द्र कृष्णापुर वार्ड क्रमांक 46 नगर पालिका निगम क्षेत्र रायगढ़ में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद के लिए 20 सितम्बर 2023 तक आवेदन मंगाये गये है। नियुक्ति से संबंधित विस्तृत निर्देश व नियम शर्तो की जानकारी परियोजना कार्यालय के सूचना पटल पर अवलोकन कर सकते है।

# दूरस्थ मतदान केन्द्रों का थाना प्रभारी घरघोड़ा ने भ्रमण कर ग्रामीणों को किया जागरूक



**रायगढ़।** एसएसपी सदानंद कुमार द्वारा क्राईम मीटिंग में चुनाव के मद्देनजर सभी थाना प्रभारियों को अभी से मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं को दूरूस्त करने तथा पूर्व में प्रकाश में आए विवादों की समीक्षा कर उचित वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिये गये हैं। इसी कड़ी में 03 सितंबर (रविवार) को थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा ने थानाक्षेत्र से करीबन 40 किमी सूदूर संवेदनशील मतदान केन्द्र- कया, कमतरा और बटुराकछार का दौरा किया गया। अपने भ्रमण दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा द्वारा ग्राम कया में जन चौपाल लगाकर ग्रामवासियों को निर्वाचन संबंधी जानकारियाँ दी गई, थाना प्रभारी ने चौपाल में ग्रामीणों को हाल ही में नशे के कारण घटित हुये अपराधों के संबंध में जानकारी देकर नशे से दूर रहने प्रेरित किया गया। भ्रमण दौरान थाना प्रभारी घरघोड़ा निरीक्षक शरद चन्द्रा ने शासकीय कन्या आश्रम कया की अधीक्षिका एवं छात्राओं से भी भेंट कर उनका हाल चाल जाना और छात्राओं को शिक्षा के प्रति मोटिवेट किया गया। उन्होंने सभी गांव में कोटवारों और ग्राम प्रमुखों को वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड के संबंध में जानकारी देकर जिले में चलाये जा रहे "साइबर प्रहरी" व्हाटस ग्रुप के संबंध में जानकारी दिये और बीट पुलिसकर्मियों को अधिक से अधिक व्यक्तियों को "साइबर प्रहरी" व्हाटपअप ग्रुप में जोड़ने के निर्देशित किया गया जिससे विविध प्रकार के जागरूकता संदेश क्षेत्रवासियों को प्राप्त हो सकें।

# तेंदूपत्ता संग्राहक के 53 समितियों के लिए विभाग ने जार की 6 करोड़ 11 लाख रुपए की लंबित राशि

- तेंदूपत्ता खरीदी का हुआ है ऑनलाइन भुगतान, जिन संग्राहकों ने केवाईसी नही करवाया अपडेट उनकी ही राशि थी लंबित
- विशेष अनुमति लेकर समितियों को आरटीजीएस से जारी किया गया है भुगतान



**रायगढ़।** बंगुरसिया हमीरपुर समिति के तेंदूपत्ता संग्राहकों को तेंदूपत्ता खरीदी उपरांत भुगतान नहीं मिल पाने के संबंध में खबर प्रकाशित हुई थी। इसके बारे में जानकारी देते हुए डीएफओ रायगढ़ सुश्री स्टाइलो मंडावी ने बताया कि वर्ष 2023 के तेंदूपत्ता खरीदी का रायगढ़ वन मंडल में 19 करोड़ रुपए का भुगतान होना था। जो कि छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ से सीधे संग्राहकों के खाते में ऑनलाइन किया जाना है। इसके लिए उनकी खाते व अन्य जानकारी के साथ केवाईसी अपडेट किया गया है। रायगढ़ वन मंडल में लगभग 13 करोड़ रुपए की राशि संग्राहकों के खाते में ऑनलाइन डाली जा चुकी है। किंतु ऐसे संग्राहक जो ऑनलाइन भुगतान के लिए अपना केवाईसी अपडेट नहीं करवाए थे उनका ही भुगतान लंबित था। ऐसे संग्राहकों के लिए छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ से विशेष अनुमति लेकर समितियों के खाते में भुगतान की राशि आरटीजीएस से जारी कर दी गई है। करीब 6 करोड़ 11 लाख रुपए इसके लिए जारी किए गए हैं।

डीएफओ स्टाइलो मंडावी ने बताया कि तेंदूपत्ता खरीदी का भुगतान छ.ग.राज्य लघु वनोपज संघ से सीधे संग्राहक के खाते में होना है। इसके लिए संग्राहकों का केवाईसी अपडेट किया जाना था, जिसके पश्चात राज्य से ही सीधे उनको भुगतान की राशि जारी होना था। अधिकांश संग्राहकों ने खाते आदि का डाटा अपडेट करवा लिया था, जिससे उनके खाते में राशि खरीदी के उपरांत ही आ गई थी। किंतु जो लोग जानकारी अपडेट नही करवा पाए थे उनके भुगतान में हो रहे विलंब को देखते हुए, उक्त समितियों में संग्राहकों को खरीदी की राशि दिए जाने के लिए विशेष अनुमति ली गई। जिसके पश्चात आरटीजीएस के माध्यम से समितियों के खाते में राशि ट्रांसफर कर दी गई है। जिसे संग्राहकों को अंतरित किया जा रहा है।

# कलेक्टर जनचौपाल में प्राप्त हुए 70 से अधिक आवेदन

- कलेक्टर सिन्हा ने प्राप्त आवेदनों का प्राथमिकता से निराकरण के दिए निर्देश
- स्वरोजगार के लिए दिव्यांग प्रेमलता को कलेक्टर सिन्हा ने दिया सिलाई मशीन



**रायगढ़।** आयोजित जन चौपाल में कुसमुरा निवासी मुकबधिर एवं श्रवण बाधित कुमारी प्रेमलता सारथी स्वरोजगार हेतु आवेदन लेकर पहुंची थी। उनके पिता ने बताया कि उनकी बेटी बोलने व सुनने में असमर्थ है, लेकिन बेटी सिलाई का कार्य जानती है। उन्होंने अपनी बेटी के लिए सिलाई मशीन की मांग की ताकि उनकी बेटी आर्थिक रूप से सशक्त हो सके। मौके पर आवेदन का निराकरण करते हुए कलेक्टर सिन्हा ने प्रेमलता सिदार को सिलाई मशीन प्रदान किया। साथ श्रम विभाग ने उनका श्रम पंजीयन भी किया। उनके पिता दिलचंद ने सिलाई मशीन प्रदान करने पर कलेक्टर सिन्हा का आभार जताया।

जन चौपाल में कौहाकुंडा निवासी निवासी ज्योति पांडे अपनी बेटी के समुचित इलाज हेतु आवेदन लेकर आयी थी। उन्होंने बताया कि वह परित्यक्ता है एवं उसकी बेटी की पूरी जिम्मेदारी उनके ऊपर हैं, इलाज के कारण उन्हें आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से अपनी बेटी के इलाज के लिए निवेदन किया। कलेक्टर सिन्हा ने सीएमएचओ को बच्ची के बेहतर इलाज हेतु निर्देशित किया। इसी प्रकार ग्राम बड़े हरदी नीचे बस्ती के ग्रामवासी पानी निकासी के लिए नाली निर्माण की मांग हेतु आवेदन लेकर जन चौपाल में पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि नाली नही होने से गांव बस्ती में पानी भर जाता हैं। जिससे लोगों को काफी परेशानी हो रही हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से नाली निर्माण का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने जनपद सीईओ पुसौर को आवेदन के निराकरण के लिए निर्देश दिए।

रायगढ़ के पूछापारा निवासी गंगा बाई बघेल अपनी पोती का दिव्यांग पेंशन एवं राशन कार्ड की मांग लेकर जनचौपाल में पहुंची थी। उन्होंने बताया की पोती मानसिक रूप से कमजोर हैं, माता-पिता के अलग होने से उनकी पोती की सारी जिम्मेदारी उनके पास है। आय का उपयुक्त साधन नही होने से पालन-पोषण में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। उन्होंने कलेक्टर सिन्हा से अपनी पोती का दिव्यांग पेंशन एवं राशन कार्ड बनवाने का आग्रह किया। कलेक्टर सिन्हा ने आयुक्त नगर निगम को आवेदन के निराकरण के निर्देश दिए। तहसील पुसौर के ग्राम गुडगहन निवासी यशोदा यादव आरबीसी 6-4 के तहत आर्थिक राशि स्वीकृति का आवेदन लेकर जन चौपाल में पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उनके पति का आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु हो गई है। जिसका रिपोर्ट संलग्न है, उन्होंने आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति हेतु निवेदन की। कलेक्टर सिन्हा ने सबंधित विभाग को आवेदन का निराकरण करने के निर्देश दिए। जनचौपाल में पेंशन, राशन, राजस्व, चिकित्सा, पेयजल, भू-अर्जन, विद्युत, शिक्षा, वनअधिकार पत्र, पेंशन, श्रम, राशन आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। आज आयोजित जन चौपाल में कुल 70 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। कलेक्टर सिन्हा ने प्राप्त आवेदनों को प्राथमिकता से निराकरण के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर कलेक्टर राजीव पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर रेखा चंद्रा एवं विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पवन कुमार सोनी एक साल के लिए हुआ जिला बदर

- कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने जारी किया आदेश
- चौबीस घंटे के भीतर रायगढ़ के साथ सारंगढ़-बिलाईगढ़, सक्ती, बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले की सीमाओं से जाना होगा बाहर

**रायगढ़।** कलेक्टर व जिला दण्डाधिकारी तारन प्रकाश सिन्हा ने आज 4 सितम्बर 2023 को आदेश जारी कर पवन कुमार सोनी, उम्र-39 वर्ष, निवासी-टी.आई.टी.कालोनी, खरसिया जिला-रायगढ़ को एक साल के लिए जिला बदर कर दिया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 3 एवं 5 के तहत जिला दण्डाधिकारी न्यायालय में चल रहे न्यायिक प्रकरण में यह आदेश पारित किया है। आदेश में उल्लेख है कि जब तक यह आदेश लागू रहेगा पवन कुमार सोनी को चौबीस घंटे के भीतर जिला-रायगढ़ तथा समीपवर्ती जिलों सारंगढ़-बिलाईगढ़,सक्ती,बलौदा बाजार, महासमुंद, जांजगीर-चाम्पा, कोरबा एवं जशपुर जिले के क्षेत्र से एक वर्ष के लिए बाहर जाना होगा। पवन कुमार सोनी को उक्त अवधि में बिना वैधानिक अनुमति लिए इन जिलों की सीमा में प्रवेश नहीं करना है। इस आदेश का तुरंत पालन किया जाना होगा। पालन नहीं करने पर पवन कुमार सोनी के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

# 'मैं भारत हूं, मुझमें है भारत' के गीत में प्रस्तुति देकर उभयलिंगी समुदाय ने लोगों से मतदान के लिए की अपील

- 'चला रईगढ़िया, वोट देवईया' का नारा भी लगाया
- स्कूली बच्चों ने भी रंगोली के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश
- कलेक्टर तारन प्रकाश के निर्देशन में पूरे जिले में चलाया जा रहा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम




**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में स्वीप अंतर्गत जिले में मतदाता जागरूकता के विभिन्न कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज समाज कल्याण विभाग द्वारा उभयलिंगी समुदाय के मतदाता जागरूकता के लिए कार्यक्रम चलाया गया। जिसमें असीम कृपा फाउण्डेशन की भी विशेष सहभागिता रही। इस दौरान उपस्थित उभयलिंगी समुदाय ने मतदान के लिए संकल्प करते हुए शपथ ली और 'चला रईगढिय़ा, वोट देवईयां' का नारा भी लगाया। इस मौके पर उपस्थित जनों को मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण के बारे में जानकारी दी गई।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान तृतीय लिंग समुदाय ने लोगों को मतदान के लिए कलात्मक तरीके से अपील की। उन्होंने भारत निर्वाचन आयोग के थीम सॉन्ग 'मैं भारत हूं' पर सुंदर तरीके से सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति दी और मतदान का संदेश दिया। इस दौरान उपस्थित सभी ने गाना को दोहराते हुए मतदान का संकल्प लिया। इस अवसर पर उप संचालक समाज कल्याण आलोक भवाल, विनय तिवारी, असीम फाउण्डेशन से रंजीत चौहान एवं सुदीप मंडल, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में उभयलिंगी समुदाय उपस्थित रहे।

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में लोक नृत्य से कर रहे मतदान के लिए जागरूक

स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत जिले के दूरस्थ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर शत-प्रतिशत मतदान हेतु अपील की जा रही है। जिसके तहत धरमजयगढ़ क्षेत्र में पारंपरिक वेशभूषा में तैयार होकर मानव श्रृंखला बनाते हुए मतदान हेतु अपील की। इसके अलावा स्थानीय लोक नृत्यों सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से अन्य लोगों को मतदान हेतु प्रेरित भी कर रहे है। साथ ही अपनी स्थानीय बोली में मतदान हेतु शपथ भी ले रहे है।

स्कूली बच्चों ने भी रंगोली के माध्यम से शत-प्रतिशत मतदान का दिया संदेश

स्वीप कार्यक्रम के तहत आज जिले के स्कूली छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कलाकृतियां बनाकर मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में हर हाल में मतदान का संदेश दिया। इस दौरान स्कूल के छात्र-छात्राओं के बीच रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने रंगोली तथा चित्रकला के माध्यम से सुन्दर आकृतियां बनाकर मतदाताओं को आगामी निर्वाचन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संदेश दिया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम-संत टेरेसा कॉन्वेंट स्कूल, द्वितीय-स्वामी आत्मानंद नटवर अंग्रेजी माध्यम एवं तृतीय स्थान पर सामूहिक रूप से शासकीय हाई स्कूल केवड़ाबड़ी एवं सरदार वल्लभभाई पटेल हायर सेकेंडरी रायगढ़ के बच्चे रहे। इस मौके पर डिप्टी कलेक्टर ऋतु हेमनानी, नायब तहसीलदार तृप्ति चंद्राकर, प्राचार्य आर.वर्गीस एवं विद्यालयीन शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480